Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# 3 जिले, 4 धाम, 5 दिन... कोरोना पर उत्तराखंड से गुड न्यूज

## उत्तराखंड की चार धाम यात्रा पर सस्पेंस, उत्तरकाशी है पहला पड़ाव

**चुनौती**

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना वायरस के खिलाफ देश लंबी लड़ाई लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 मई तक के लिए लॉकडाउन बढ़ा दिया है। इस बीच उत्तराखंड की चार धाम यात्रा के इस बार शुरू होने के आसार न के बराबर हैं। हालांकि चार धामों के कपाट खुलने से पहले एक गुड न्यूज जरूर है। राज्य में पिछले 5 दिन से कोई भी कोरोना पॉजिटिव मामला सामने नहीं आया है।

**2019 में गंगोत्री-यमुनोत्री 10 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे:** इस बीच केदारनाथ और बदरीनाथ के रावलों को सोशल डिस्टेंसिंग के तहत 14 दिन के लिए क्ववारंटीन करने की भी चर्चा है। एसपी पंकज भट्ट ने बताया, श्यमुनोत्री और गंगोत्री के पुजारी चूंकि यहीं के हैं, इसलिए क्वारंटीन की जरूरत नहीं पड़ेगी, जबकि बदरीनाथ और केदारनाथ के रावल दक्षिण भारत से आते हैं। उन्होंने बताया, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में मिलाकर औसतन 8 से 10 लाख श्रद्धालु आते हैं। 2018 में 7.5 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे, जबकि 2019 में दोनों धामों में दर्शनार्थियों का आंकड़ा 10 लाख के पार हुआ था।

**उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग में कोई पॉजिटिव नहीं**

चार धाम यात्रा का पहला पड़ाव उत्तरकाशी जिला है। यहां स्थित यमुनोत्री और गंगोत्री की चार धामों में गिनती होती है। उत्तरकाशी के एसपी पंकज भट्ट ने एनबीटी ऑनलाइन को बताया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लेकिन जैसा कि पीएम मोदी ने कहा है कि 20 अप्रैल के बाद हर इलाके की समीक्षा करके फैसला लिया जाएगा, उसी हिसाब से आगे का कदम उठाने की हमारी तैयारी है।
एसपी पंकज भट्ट ने कहा, 26 अप्रैल को कपाट खुलने हैं। हमारी फोर्स पहले से वहां मौजूद है। पुलिस की तैयारियां पूरी हैं। जो दिशा–निर्देश आए हैं उसी के तहत 20 अप्रैल के बाद एनालिसिस करेंगे। चार धाम के तीनों जिलों (उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली) में कोई कोरोना केस नहीं हैं।

**12 हजार करोड़ के कारोबार पर टिका गढ़वाल:** चार धाम यात्रा का उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था में अहम स्थान है। यह 12 हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार वाली गतिविधि मानी जाती है। प्रदेश की तीस फीसदी आबादी इस पर निर्भर रहती है। 6 महीने तक चलने वाली यात्रा पर गढ़वाल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। हर साल इस यात्रा का इंतजार इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को बेसब्री से रहता है। लेकिन लॉकडाउन में सब कुछ बंद है। कोरोना संक्रमण के चलते यात्रा के शुरू होने या न होने को लेकर बने संशय के बीच 90 फीसदी बुकिंग रद्द हो चुकी हैं। हालांकि अभी यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार के स्तर पर कोई फैसला नहीं हुआ है। प्रदेश में चारधाम यात्रा का पीक सीजन मई और जून ही होता है।

**5 दिन से नया कोरोना केस नहीं** मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में हालात काबू में हैं। लेकिन दुनिया में इस महामारी के कुप्रभावों को देखते हुए लंबे समय तक सर्तकता बरतने और सजगता से रहने की जरूरत है। रावत ने कहा, पिछले 100 घंटे में कोई नया मामला सामने नहीं आया है और सात लोग स्वस्थ होकर घर लौट गये हैं। दो–तीन अन्य मरीजों की भी दूसरी रिपोर्ट नेगेटिव आने की संभावना है। कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है।

**8 अप्रैल के बाद से पॉजिटिव केस नहीं:** प्रदेश में आखिरी बार कोरोना संक्रमण का केस आठ अप्रैल को रिपोर्ट हुआ था। इसके बाद प्रदेश में संक्रमित लोगों की संख्या 35 हो गई थी। लेकिन उसके बाद से अभी तक कोई नया मामला सामने नहीं आया है। रावत ने कहा कि कई बार संक्रमण के बावजूद लक्षण सामने नहीं आ रहे हैं। कई लोगों में लक्षण एक महीने बाद भी नजर आ रहे हैं। ऐसे में जनता को इस वक्त ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत है।

## न्यूज डायरी

### उत्तराखंड में 1300 विदेशी सैलानी फंसे

**संवाददाता** देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज, आहूजा लैब्ज और भारतीय पेट्रोलियम संस्थान को नमूनों की जांच करने की इजाजत मिल गई है। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के लिए अनुमति लेने का प्रयास भी किया जा रहा है, जिससे आने–जाने में लगने वाला समय कम हो जाए। लॉकडाउन की वजह से उत्तराखंड में फंसे पर्यटकों के बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि 1,300 विदेशी सैलानियों समेत करीब ढाई हजार लोग ऐसे हैं जो अपने घर नहीं लौट सके। 1,200 घरेलू पर्यटकों में से सबसे ज्यादा संख्या (175) पश्चिम बंगाल के लोगों की है जबकि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के भी पर्यटक यहां हैं।

### दो सगे भाई बहनो ने भी मदद को आगे बढाये हाथ

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिला मुख्यालय से 10 किती दूर रूईना गांव निवासी सतीश भटट की पुत्री काजल उम्र 10 साल व उनके पुत्र समीर उम्र 6साल ने अपनी 15 माह की बचत 3212 रूप्ये प्रधानमंत्री केयर कोश में भेजी है। गांव के ग्प्रम प्रघान के माघ्यम से दोनों भाई बहनों ने अपने बचत गुल्लक को मुनाकोट विकास अधिकारी को सोपी है।

### बैकों के भीतर प्रवेश करने पर सेनिटाइजेशन करना होगा।

**संवाददाता** पिथौरागढ। जिले के बैकों में अब जरूरत के काम से आने वालों को अब बैंक के भीतर प्रवेश करने से पहले ग्प्रहको को बैंक के बाहर हाथों को सेनिटाइजेशन करके आना पडेगा। यह सूचना जिले के सभी बैकों ने अपने बैक परिसर में चस्पा कर दी गयी है।

### कोरोना योद्धाओं को किया सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। कैंट विधायक हरबंस कपूर, राम मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रवेश मग्गू महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी महानगर के महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा फराज खान, वार्ड 35 की पार्षद संगीता गुप्ता . सुमन सिंह व एसपी सिंह तथा क्षेत्र के सभी सम्मानित लोगों ने क्षेत्र में काम कर रहे सफाई कर्मचारियों कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर कैंट विधायक हरबंस कपूर ने कहा कि आज जिस प्रकार से इस महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए हर कोई संघर्ष करने में जुटा हुआ है और ऐसे में कोरोना योद्धा सफाई कर्मचारी लगातार अपनी डयूटी निभाते हुए आ रहे है और इस अवसर पर मन को बहुत शांति मिली और अच्छा लगा की इन कोरोना योद्धाओं का सम्मान करें और इसके लिए सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए आगे आने की आवश्यकता है।



## पी के अग्रवाल जरूरतमंदों को बांट रहे राशन

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी अनुग्रहण नारायण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड कांग्रेस कमेंटी प्रीतम सिंह, सहप्रभारी राजेश धर्माणी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पी के अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी अग्रवाल लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की सेवा में जुटी हुई है और अभी तक हजारो से भी ज्यादा जरूरतमंद परिवारो को राशन व हजारों लोगो को दोपहर का भोजन दे रहे है और यह एक बडी सेवा का कार्य है। यहां जारी एक बयान में प्रदेश महामंत्री पी के अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की सेवा में आनंद की अनुभूति होती है ओर उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में आज सेलाकुई के हरिपुर गांव में वार्ड मेम्बर पूनम पंवार के साथ राशन,सैनीटाइजर व मास्क बाटे तथा सोशल डिस्टेंस में सहयोग कर रहे है और युवाओ को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# कोरोना वायरस को जड़ से खत्म करने की जरूरतः अग्रवाल

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश को दिए गए तीसरे संबोधन के दौरान आज खत्म होने जा रहे लॉक डाउन को पुनः तीन मई तक बढ़ाने के फैसले को कोरोना वैश्विक महामारी को जड़ से खत्म करने एवं जनहित में लिया गया फैसला बताया है।

विधानसभा अध्यक्ष द्वारा कोरोना महामारी संकट की घड़ी में प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा आज दिए गए सप्तपदी विजय सूत्र का सभी प्रदेशवासियों से पालन करने का आह्वान किया है। अग्रवाल ने कहा है कि मोदी जी द्वारा दिए गए सात सूत्रों का यदि हम लॉकडाउन के दौरान पालन करेंगे तो निश्चित ही कोरोना महामारी पर शीघ्र ही विजय प्राप्त करेंगे। अग्रवाल ने मोदी जी द्वारा दिए गए सात सूत्रों को दोहरा कर अपील की है।

■आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप जरूर डाउनलोड करें

उन्होंने कहा कि अपने घर के बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। खासकर ऐसे व्यक्ति जिन्हें पुरानी बीमारी हो, उनकी हमें एक्स्ट्रा केयर करनी है। उन्हें कोरोना से बहुत बचाकर रखनी है। लॉकडाउन और सोशल डिस्टेंसिंग की लक्ष्मण रेखा का पूरी तरह पालन करें। घर में बने फेस कवर या मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं, उनका पालन करें। गर्म पानी है, काढ़ा है, इनका निरंतर सेवन करें। कोरोना संक्रमण का फैलाव रोकने में मदद करने के लिए आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप जरूर डाउनलोड करें।

दूसरों को भी इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें। जितना हो सके, उतना गरीब परिवार की देखरेख करें। उनके भोजन की जरूरत पूरी करें। आप अपने व्यवसाय, अपने उद्योग में अपने साथ काम करने वाले लोगों के प्रति संवेदना रखें। किसी को नौकरी से न निकालें। उन्होंने कहा कि देश के कोरोना युद्धाओं हमारेडॉक्टर, नर्सेज, सफाईकर्मी, पुलिसकर्मी.मीडिया कर्मी ऐसे सभी लोगों को हम सम्मान करें।

## बेवजह सडक पर धुमने वालों की अब खैर नही

**निर्मल भट्ट** पिथौरागढ। प्रधानमंत्री के आदेश की अवहेलना करने और लोक डाउन को तोडने वालों की अब खैर नही होगी । वही बिना किसी काम के सडकों पर बेवजह वाहनों को लेकर दोडाने वालों को पुलिस प्रशासन छोडेगें नही। बता दें कि अब पुरे देश में कोरोना महामारी के बढतें कहर को लेकर अब जिले में भी पुलिस प्रशासन लोकडाउन के नियमों को तोडने वलों के विरूद कडी से कडी कारवाही करने को नजर आ रही है। जिले में जहां लोगों को जरूरत के सामान लेने के लिए सुबह 7बजे से दोपहर के 1 बजे तक छुट दी गयी है बावजूद कई लोग नियमों को ताक पर रखते हुए चलते नजर आ रहे है। वही जिला मुख्यालय में बेवजह वाहन लेकर दोडने वालों पर पुलिस प्रशासन द्वारा चालान काटने की कारवाही की गयी। कोतवाल ओ पी शर्मा ने बताया कि लोगों से घरों में रहने की अपील की जा रही है। जिले में अब तक दस वाहनों के चालान काटे गये हैं। वही सीमांत तहसील गंगोलीहाट में एक दुकानदार.को लोकडाउन का उल्लधन करना मंहगा पड गया। व्यापारी मनोज कुमार का चालान कर उसे राजस्व विभग ने पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया है।